सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-02
01/01/2018

मुख्यमंत्री को नववर्ष की बधाई एवं शुभकामना देने बड़ी तादाद में पहुँचे लोग

पटना, 01 जनवरी 2018 :– आज मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को नववर्ष की शुभकामना एवं बधाई देने के लिये सरकार के कई मंत्री, विधायक, विधान पार्षद, अन्य अति विशिष्ट व्यक्तिगण तथा आमजन पहुँचे। मुख्यमंत्री ने 1 अणे मार्ग स्थित अपने आवास पर लोगों की बधाइयॉ एवं शुभकामनायें स्वीकार की तथा लोगों को नववर्ष की बधाई एवं शुभकामनायें भी दी। मुख्यमंत्री ने लोगों के द्वारा दिये गये पुष्प–गुच्छ एवं माला को भी स्वीकार किया।

बधाई एवं शुभकामना देने वालों में बड़ी संख्या में नवयुवक, महिलायें तथा वृद्ध भी शामिल थे। मुख्यमंत्री को बधाई देने वाले प्रमुख लोगों में बिहार विधानसभा अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी, जल संसाधन मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री श्री बिनोद नारायण झा, शिक्षा मंत्री श्री कृष्ण नंदन प्रसाद वर्मा, समाज कल्याण मंत्री श्रीमती मंजू वर्मा, पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री श्री पशुपति कुमार पारस, पूर्व बिहार विधान परिषद के सभापति श्री अवधेश नारायण सिंह, बिहार विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष श्री उदय नारायण चौधरी, विधायक श्री श्याम रजक, जदयू प्रवक्ता श्री संजय सिंह, विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गॉधी जी, विधान पार्षद श्री राजकिशोर कुशवाहा, जदयू नेता श्री गणेश साव कानू, जदयू नेता श्री छोटू सिंह, पूर्व मुख्य सचिव सह मुख्य सूचना आयुक्त श्री अशोक कुमार सिन्हा, बिहार राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री ए0के0 चौहान, पूर्व महाधिवक्ता श्री रामबालक महतो, आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री ब्यासजी, विभिन्न विभागों के प्रधान सचिव/सचिव, वरीय पुलिस अधिकारी सहित बड़ी तादाद में राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता तथा आमजन शामिल थे।

******